# कार्यालय
# पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, आयुक्तालय, जयपुर

क्रमांकः– 388 दिनांक– 13/12/2023

यूनिक बिड नम्बरः– दिनांक–

**ई–निविदा सूचना**

पुलिस आयुक्तालय जयपुर के अधीन समस्त थानों/कार्यालयों मे स्थापित प्रिन्टर (विभिन्न मैक) के टोनर/कार्टिज रिफलिंग कार्यएवं पार्टस की दर संविदा किये जाने हेतु ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है जो दिनांक 13.12.2023 को वेबसाईटhttp://www.eproc.rajasthan.gov.inसे डाउनलोड करके निर्धारित दस्तावेजो के साथ दिनांक 26.12.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक ऑन लाईन इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में वैबसाइटhttp://www.eproc.rajasthan.gov.inपर प्रस्तुत की जा सकती है। डाउनलोड करके ऑनलाईन प्रस्तुत की गई निविदा की निर्धारित प्रोसेसिंग फीस, निविदा शुल्क एवं निर्धारित धरोहर राशि के बैकर चैक /डिमाण्ड ड्राफट को स्केन करके प्रस्तुत करना होगा तथा दिनांक 26.12.2023 को सांय 3.00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर प्रोसेसिंग फीस निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि के बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं परिशिष्ट "अ" में वाछिंत समस्त दस्तावेजभौतिक रूप में जमा करवाने होंगे। ई–निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 26.12.2023 को सांय 04.00 बजे खोली जायेगी।निविदा की मुख्य शर्ते एंव विवरण ई–निविदा की वैबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.inपरविभागीय वैबसाईट http://www.police.rajasthan.gov.inएंव राजस्थान सरकार राज्य लोक उपापन पोर्टल की वैबसाईट http://www.sppp.raj.nic.in पर देख सकते हैं।

| क. सं. | नाम कार्य/आईटम | अनुमानित राशि (रूपये में) | निविदा फार्म (रूपये में) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये में) | निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पुलिस आयुक्तालय, जयपुर के अधीन समस्त थानों/कार्यालयों में स्थापित प्रिन्टर(विभिन्न मैक) के टोनर/कार्टिज रिफलिंग कार्य एवं पार्टस की दर संविदा किये जाने हेतु | 18,00,000 | 1000 | 36,000 | 26.12.2023 को सांय 04.00 बजे |

13-12-23

**(राजेन्द्र कुमार मीणा IPS)**
पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय
पुलिस आयुक्तालय,
जयपुर

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. पुलिस उपायुक्त उत्तर/दक्षिण/पूर्व/पश्चिम/यातायात/मेट्रो/अपराध, पुलिस आयुक्तालय, जयपुर।
2. समस्त पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्त राजस्थान, जयपुर।
3. जनसम्पर्क निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, राज0 जयपुर को भेजकर लेख है कि उक्त निविदा का प्रकाशन नियमानुसार प्रकाशित करावें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी कार्यालय हाजा जयपुर को भेजकर लेख है कि उक्त निविदा सूचना प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करावें, एवं निविदा प्रकाशन अखबार की एक प्रति रिकार्ड हेतु इस कार्यालय में भिजवायें।

Tel.: +91-141-2362081 Fax: +91-141-2362080 E-Mail: dcp.hq.jaipur@rajpolice.gov.in

5. वरिष्ठ लेखाधिकारी,पुलिस आयुक्तालय जयपुर।
6. सहायक प्रोग्रामर पुलिस आयुक्तालय, जयपुर को भेजकर लेख है कि निविदा को राज्य लोक उपापन पोर्टल एवं राजस्थान पुलिस वेबसाईट पर अपलोड कर प्रकाशित करावें।
7.नोटिस बोर्ड पुलिस नियन्त्रण कक्ष/पुलिस लाईन/पुलिसआयुक्तालय, जयपुर।

17-12-23

पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय
पुलिस आयुक्तालय,
जयपुर

Tel.: +91-141-2362081 Fax: +91-141-2362080 E-Mail: dcp.hq.jaipur@rajpolice.gov.in

# कार्यालय
# पुलिस उपायुक्त,मुख्यालय, आयुक्तालय, जयपुर

**(निविदा प्रपत्र–तकनीकी बिड)**

**परिशिष्ट ''अ''**

**घोषणा**

निविदा सूचना क्रमांकः–                                   दिनांकः–

(I) ........................................................................ के लिए निविदा

(खाली स्थान में उस आईटम का नाम लिखें, जिसके लिए निविदा दी गई है)

(II) निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्मः–................................................................................................ का नाम व डाक का पूर्ण पताः–................................................................................................

दूरभाष एवं फैक्स नम्बर ईमेल साहितः–........................................................................................

........................................................................................

(III) निविदा जिसे प्रस्तुत करनी हैः– पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) पुलिस आयुक्तालय, जयपुर

(IV) सन्दर्भः–  निविदा सूचना संख्याः–.............................. दिनांक ..................................................

जो.....................................(समाचार पत्र का नाम) दिनांक...........................में प्रकाशित हुई है।

(V) निविदा शुल्कः– राशि रूपये....................... बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट संख्या.................................

दिनांक ..................................द्वारा जमा करा दी गई है।

(VI) प्रोसेसिंग फीसः–राशि रूपये 1000 .डीडी नं0...................दिनांक........................................

संलग्न कर दी है। (MD RISL, JAIPURके नाम बनवाकर संलग्न करें)

(VII) अमानत शुल्क :–राशि रूपये ..........................डीडी नं0..................दिनांक.........................................

जमा करा दी है।

(VIII) हम निविदा सूचना संख्या.........................दिनांक ...............................में वर्णित सभी शर्तो से तथा विभागीय शर्तो से संबंधित परिशिष्ट ''स'' में वर्णित शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है। परिशिष्ट ''स'' के समस्त पृष्ठों पर उनमें वर्णित शर्तो को स्वीकार किये जाने के प्रमाण–स्वरूप हस्ताक्षर कर दिये है तथा परिशिष्ट हस्ताक्षर शुद्धा संलग्न है।

(IX) हम सम्पुष्टि करते है कि ''प्राईस बिड'' में अंकित की गई दरें ''प्राईस बिड'' खुलने की तिथि से 90 दिन तक विधि मान्य है।

(X) हमारा राजस्थान जीएसटी पंजियन संख्या.................................... है।

(XI) हम सम्पुष्टि करते है कि प्राईस बिड स्वीकार होने की सूचना से निर्धारित अवधि में निर्धारित प्रारूप में विभाग से करार निष्पादन करेगे, जिसके अभाव में निविदा निरस्त योग्य है।

(XII) हम सम्पुष्टि करते है कि आवश्यक दस्तावेज के अभाव में निविदा निरस्त करने योग्य है। आवश्यक दस्तावेज संलग्न किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः–

| S.No. | Type of Certificate & Other informations | Yes/No | Date of issue/ Validity |
|---|---|---|---|
| 1- | Whether tender fee document is submitted with e-tender. Provide details Banker Cheque/DD no.......... dt.................. | | |
| 2- | Whether EMD document submitted with e-tender. Provide | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | details DD/Banker Cheque/Challan receipt no......... dt................ amount............................ | | |
| 3- | Whether agreed with all tender conditions | | |
| 4 | WhetherProcessing Fees..with e-tender. Provide details DD/Banker Cheque/Challan receipt no......... dt................ amount........................................... | | |
| 5- | Whether annexure- D have been downloaded, signed and submitted with e-tender | | |
| 6- | Whether G.S.T.registration certificate is submitted with e-tender | | |
| 7- | If bidder has an authorised representative based in jaipur, name address and contact number should be submitted with e-tender | | |
| 8- | Bankers certificate regarding running bank account, if bidder has submitted tender for the first time | | |
| 9- | Whether last three year turn over certificate is submitted with e-tender | | |
| 10- | Whether work experience certificate is submitted with e-tender | | |

(XIII) हमारे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त दस्तावेज हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में है तथा अन्य भाषा में होने पर उनका हिन्दी अथवा अंग्रेजी का प्रमाणित रूपान्तरण भी प्रस्तुत किया गया है।

(XIV) हम सम्पुष्टि करते है कि प्राईस बिड हमारे द्वाराई–निविदा में निर्धारित तरीके से प्रस्तुत की गई है।

नोटः–

1. क्रम संख्या (XII) में अंकित संलग्न को में दस्तावेज प्रस्तुत किया है अथवा नहीं उसके आगे 'Yes or 'No' उसके जारी होने की तिथि/(Issuing date Validity date) वैधता अवधि अंकित करना आवश्यक है इसका उतरदायित्व निविदादाता का है अपेक्षित राशि के डी.डी./बैंकर्स चैक के अभाव में निविदा अमान्य कर दी जावेगी।

2. निविदा भरने की प्रकियाः–

(ए) परिशिष्ट ''अ'' क्वालीफाईग बिड है क्वालीफाईग बिड के साथ समस्त प्रमाण पत्र एवं अमानत राशि, प्रोसेसिंग फीस व फार्म फीस की डीडी/बैंकर चैक एवं परिशिष्ट ''अ'' ''स'' एवं ''द'' तथा अनुलग्नक अ,ब,स में अंकित शर्तो की स्वीकार्यता की सहमति के लिए परिशिष्ट 'द' एवं अनुलग्नक 'ब' पर हस्ताक्षर उपरान्त ई–निविदा के साथ संलग्न करना होगा तथा ई–निविदा के समस्त कागजात एवं डी.डी. निर्धारित दिनांक एवं समय पर प्रस्तुत किए जावेंगे।

(बी) परिशिष्ट ''ब'' प्राईस बिड है उसे ई–निविदा में निर्धारित प्रारूप में भरा जावे। तथा दरें विभागीय BOQ में अंकित करनी होगी योग्य निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त जयपुर
13-12-23

निविदादाता के हस्ताक्षर
मय मोहर

# कार्यालय
# पुलिस उपायुक्त,मुख्यालय, आयुक्तालय, जयपुर

## वित्तीय बिड परिशिष्ट–''ब''

1. पुलिस आयुक्तालय, जयपुर अधीन कार्यालय/थानों में कार्टिज रिफलिंग का कार्य करने लिये निविदा
2. निविदा प्रस्तुत वाली फर्म का नाम, डाक का पता व मोबाईल नं. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . दूरभाष/मोबाईल नम्बर . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .किसको सम्बोधित किया गया– पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) आयुक्तालय, जयपुर
3. सन्दर्भ क्रमांक . . . . . . . . . . . . . . . .निविदा शुल्क राशि 1000/– के पोस्टल आर्डर/डीडी/बैंकर चैक संख्या दिनांक . . . . . . . . . . . . . के द्वारा जमा करवा दी गई है।
4. हम . . . . . . . . . . . . . . . . . द्वारा जारी की गई निविदा सूचना संख्या. . . . . . .दिनांक . . . . . .द्वारा वर्णित सभी शर्तों से तथा संलग्न सीट में दी गई निविदा सूचना के अतिरिक्त शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं। इनके सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाण पत्र में हमने हस्ताक्षर कर दिये हैं।
5. निम्नलिखित सामान की सप्लाई के लिये दरें निम्नानुसार होगी

| S. No | Items | Price Including GST | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Refilling | Drum | Blade | Chip | PCR | Magnet Roll |
| 1- | HP Cartdiage 28A | | | | | | |
| 2 | HP Cartdiage 78A | | | | | | |
| 3 | HP Cartdiage 12A | | | | | | |
| 4 | HP Cartdiage 88A | | | | | | |
| 5 | HP Cartdiage 77A | | | | | | |
| 6 | HP Cartdiage 110A | | | | | | |
| 7 | HP Cartdiage page wide 975X | | | | | | |
| 8 | SAMSUNG MLT D-115 | | | | | | |
| 9 | SAMSUNG MLT D-101 | | | | | | |
| 10 | SAMSUNG SCX-3401 | | | | | | |
| 11 | SAMSUNG 709S | | | | | | |
| 12 | Brother L2540DW | | | | | | |
| 13 | Brother 7065DN | | | | | | |
| 14 | Sharp AR 6020NV | | | | | | |
| 15 | Kyocera TK-1114 | | | | | | |
| 16 | Kyocera ecosys 1020 | | | | | | |
| 17 | Kyocera 2040DW | | | | | | |
| 18 | Kyocera 2640 IDW | | | | | | |
| 19 | Kyocera TK-1178 | | | | | | |
| 20 | Kyocera TK-7120 | | | | | | |
| 21 | Kyocera TK-4109 | | | | | | |
| 22 | Canon-303 | | | | | | |

पुलिस उपायुक्त (मु.) जयपुर 13-12-22

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | Canon LBP-3000 | | | | | | |
| 24 | Canon FX-9 | | | | | | |
| 25 | RIICO-310 | | | | | | |

नोटः– दरें विभागीय **BOQ** में अंकित करनी है।

6. बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक संख्या. . . . . . . . . . . .दिनांक . . . . . . . . . . . . . . .जो . . . . . . . . . (बैंक का नाम) पर आहरित किया जा सकता है। रूपये 36,000/– (अक्षरे छतीस हजार रूपये मात्र) बिड सिक्यूरीटी राशि के रूप में संलग्न किया जाता है।
7. निविदा शर्तें संलग्नानुसार होगी।

निविदादाता के हस्ताक्षर
मय शील (मोहर)

# कार्यालय
# पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, आयुक्तालय, जयपुर
## खुली बिड की मुख्य शर्ते

## परिशिष्ट ''स''

**टोनर/ कार्टिज रिफलिंग(मय पार्टस) हेतु निविदा की शर्ते**

1. बिड निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जायेगी।
2. बिड प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त बिड पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
3. लिफाफे पर प्रिन्टर के **टोनर /कार्टिज रिफलिंग (मय पार्टस) हेतु निविदा** आवश्यक रूप से लिखें।
4. निविदा प्रपत्रों का मूल्य राशि रूपये 1000/– है तथा निविदा, पुलिस उपायुक्त,मुख्यालय, गवर्नमेन्ट हॉस्टल एम0आई0 रोड़, जयपुर के पते पर प्रेषित की जानी है।
5. निविदा प्रतिभुति राशि रूपये 36,000/–रूपये है। निविदा प्रतिभूति के बैंकर्स चैक/बैंक ड्राफ्ट जो पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, जयपुर के नाम से जारी किये हुये हो।
6. सफल निविदादाता को कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि, जो कार्यादेश राशि का 5 प्रतिशत होगी, अनुबन्ध के साथ जमा करवानी होगी। यह सभी राशि ई–ग्रास, बैंक ड्राफ्ट, राष्ट्रीय बचत पत्र, अनुसुचित बैंक की गारन्टी अथवा एफ.डी. के रूप में जमा करवानी होगी। जो कि बिना ब्याज के अनुबन्ध समाप्ति पर लौटाई जावेगी।
7. निविदा जो पुलिस आयुक्तालय जयपुर के द्वारा जारी की गई है में वर्णित समस्त शर्ते संलग्न प्रपत्र में दी गई है(जिसके समस्त पृष्ठों पर उनमें वर्णित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रतीकस्वरूप, हमने समस्त पृष्ठों पर हस्ताक्षर कर दिये है) का भी पालन करने के लिये हम सहमति प्रदान करते हैं।
8. विभाग द्वारा स्वीकृत दरें **अनुबन्ध की दिनांक से एक वर्ष के लिये वैध रहेगी।** इसके आगे की अवधि नियमानुसार अधिकतम तीन माह तक बढाई जा सकेगी ।
9. निविदादाता द्वारा टोनर/कार्टिज रिफलिंगएवं पार्टस रिफलिंग कार्य किये जाने की दरें मय समस्त कर सहित प्रदर्शित करनी होगी।
10. टोनर कार्टिज रिफलिंग की थानों/कार्यालयों द्वारा सूचना देने के 4 घन्टे में अनुमोदित दरों पर रिफलिंग का कार्य करना होगा।
11. सेवा प्रदाता द्वारा समय पर टोनर रिफलिंग का कार्य नहीं करने पर सेवा दाता की रिस्क एवं कॉस्ट पर रिफलिंग कार्य बाजार से कराया जावेगा। दरों में भिन्नता की वसूली सेवा प्रदाता से की जावेगी।
12. सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी।
13. सफल सेवा प्रदात्ता को नियमानुसार राशि रूपये 1000/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध सम्पादित करना होगा। इस बिड में वर्णित समस्त शर्ते अनुबन्ध का हिस्सा होगी।
14. कार्य सन्तोषजनक नहीं होने पर 03 दिवस के नोटिस पर अनुबन्ध निरस्त कर दिया जावेगा तथा धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।
15. निविदादाता का प्रति वर्ष (2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) में कम से कम 25 लाख रूपये का टर्न–ओवर होना अनिवार्य है। जिसके लिये चार्टहेड अकान्टेन्ट से प्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी, जिस पर यूडीआन नम्बर अंकित होना अनिवार्य है।
16. टोनर रिफलिंग कार्य में निविदादाता का प्रति वर्ष 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 में 07 लाख रूपये का सरकारी कार्यालय में कार्य करने का अनुभव का वर्क–ओडर होना चाहिए।
17. नियमानुसार भुगतान की जाने वाली राशि में से की जाने वाली कटौतियां यथा टी.डी.एस. /जीएसटी इत्यादि काटकर ही भुगतान किया जावेगा। कटौतियां/जीएसटी कटौती का प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात पुलिस आयुक्तालय जयपुर द्वारा जारी किया जायेगा।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त (मु.) * जयपुर *

Tel.: +91-141-2362081 Fax: +91-141-2362080 E-Mail: dcp.hq.jaipur@rajpolice.gov.in

18. टोनर/कार्टिज (मय पार्टस जेसे ड्रम,पीसीआर,ब्लेड,मैगनेट) रिफलिंग कार्य एवं पार्टस की दरें प्रति टोनर रिफलिंग कार्य की दरें अंको एवं शब्दों में ध्यान पूर्वक भरी जावे, यदि किसी भी दर में अंको एवं शब्दों में अन्तर होने की स्थिति में जो भी न्यूनतम दर होगी वही मान्य होगा।
19. वित्तीय बिड में कॉट छॉट होने पर संवेदक के हस्ताक्षर अपेक्षित है अन्यथा निविदा पर विचार नहींकिया जायेगा।
20. किसी भी वाद–विवाद प्रकरण में न्यायिक क्षेत्र जयपुर शहर होगा।
21. टोनर का पार्टस (जैसे ड्रम, पीसीआर, ब्लेड व मैंगनेट रोड़) खराब होने पर नया ऑरिजनल पार्ट लगाना होगा तथा लिखित में इस कार्यालय को अवगत कराना होगा।
22. विभाग द्वारा सिर्फ सूची में अंकित एवं समकक्ष नम्बरों के ही खाली टोनर उपलब्ध करवाये जायेंगे।
23. टोनर/कार्टिज रिफलिंग कार्य का आदेश प्राप्त होने के आगामी कार्य दिवस में कार्य प्रारम्भ करना होगा।
24. रिफलिंग के बाद अगर टोनर खराब मिलता है तो उस टोनर को पुनः रिफिल करके देना होगा तथा दुबारा गलती पर 500/–रूपये दण्डचार्ज किया जावेगा।
25. सभी रिफलिंग टोनरों में आई.एस. आई मार्का की इंक उसकी क्षमता/मात्रा में डालनी होगी। विभाग द्वारा निरीक्षण करने पर यदि टोनर की क्षमता/मात्रा में इंक नही पाई जाती है तो पुनः रिफलिंग कार्य करना होगा तथा विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही भी की जावेगी।
26. टोनर रिफलिंग का कार्य सभी कार्यालयों एवं सभी थानों में साईड पर जाकर करना होगा तथा सम्बन्धित थानों एवं कार्यालयों से चालान प्रमाणित करवाने के पश्चात् बिल के साथ चालान प्रस्तुत करने पर भुगतान किया जावेगा।
27. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं 2013 के सभी प्रावधान उक्त निविदा पर प्रभावी होंगे।
28. निविदा शर्तो अथवा अनुबन्ध में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार उपापन समिति के पास होगा।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त (मु.) जयपुर
सत्यमेव जयते
7/12/23

निविदादाता के हस्ताक्षर
मय शील (मोहर)

# कार्यालय
# पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, आयुक्तालय, जयपुर

**परिशिष्ठ ''द''(प्रथम)**

<u>निविदादाताओं द्वारा **घोषणा**</u>

मै/हम घोषणा करता हूँ/करते है कि मैने/हमने जिन आईटम/स्टोर/कार्य के लिए निविदा दी है, उनका/उनके लिए मै/हम बोनाफाईड विनिर्माता/निर्माता (वृहत/मध्यम/लघु)/थोक विक्रेता/ऑथोराईज्ड डिस्ट्रीब्यूटर/सोल सेलिंग मार्केटिंग एजेण्ट/प्राधिकृत डीलर/डीलर हूँ/है। मेरे द्वारा विभागीय परिशिष्ठ अ, ब एवं स तथा निविदा सूचना को पूर्ण रूप से पढकर समझ लिया है। मेरे द्वारा उन शर्तो की पूर्ण पालना की गई है/करूगां/करेगें और मै/हम उन्हे अक्षरशः स्वीकार करते है।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जावे तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना मेरी/हमारी बयाना/प्रतिभूति राशि का समपहरण कर लिया जावें तथा निविदा को जिस सीमा तक स्वीकार किया गया है, रद्द कर दिया जावें।

निविदादाता के हस्ताक्षर
मय मोहर
पूर्ण पता–
टेलीफोन नं.

**परिशिष्ठ ''द''(द्वितीय)**

**<u>शपथ पत्र</u>**

मैं–

यह कि मेरी फर्म एवं मेरी फर्म का प्रबन्धक किसी भी अपराधिक प्रवृति में लिप्त नहीं है। और न ही किसी भी राजकीय विभाग द्वारा पूर्व में ब्लेक लिस्टेड किया गया है।

निविदादाता के हस्ताक्षर
मय मोहर
पूर्ण पता–

Tel.: +91-141-2362081 Fax: +91-141-2362080 E-Mail: dcp.hq.jaipur@rajpolice.gov.in

# कार्यालय पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय)
# पुलिस आयुक्तालय, जयपुर

क्र.सं.:– 389 दिनांक:– 13/12/2023

**निदेशक,**
**सूचना एवं जनसम्पर्क,**
**राजस्थान, जयपुर।**

**विषयः**– निविदा प्रकाशन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि पुलिस आयुक्तालय, जयपुर के अधीनस्थ कार्यालयों/थानों में स्थापित प्रिन्टर कार्ट्रिज का रिफलिंग कार्य की दर संविदा करने हेतु निविदा सूचना 08 प्रतियों में संलग्न है, जिसका प्रकाशन नियमानुसार समाचार पत्रों में शीघ्र प्रकाशित करावें।

भवदीय,

13-12-23

पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय)
पुलिस आयुक्तालय,
जयपुर

प्रतिलिपिः
1. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (द्वितीय) जयपुर।
2. समस्त पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्त, राजस्थान जयपुर।
3. वरिष्ठ लेखाधिकारी उपापन संस्था पुलिस आयुक्तालय, जयपुर।
4. जनसम्पर्क अधिकारी पुलिस आयुक्तालय जयपुर को भेजकर लेख है कि उक्त सूचना अविलम्ब प्रकाशित करावें।
5. सहायक प्रोग्रामर, पुलिस आयुक्तालय, जयपुर को भेजकर लेख है कि उक्त ई–निविदा सूचना एस.पी.पी. पोर्टल, राजस्थान पुलिस पोर्टल एवं ई–प्रोक पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।
6. नोटिस बोर्ड कार्यालय हाजा/पुलिस लाईन/पु0नि0कक्ष, जयपुर।
7. कैशियर कार्यालय हाजा।

13-12-23

पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय)
पुलिस आयुक्तालय,
जयपुर

Tel.: +91-141-2362081 Fax: +91-141-2362080 E-Mail: dcp.hq.jaipur@rajpolice.gov.in